# कायालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं
# जिला बिलासपुर ( छ ग )

पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्ट्रेट के सामने बिलासपुर ( छ ग ) फोन नं 07752-223530 E mail: jdvsbila.cg@nic.in

क्रमांक 1181 / प चि / डी एम एफ-संविदा / 2022-23 / बिलासपुर , दिनांक 15 सितम्बर 2022

**पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बिलासपुर अंतर्गत गोकुलनगर व नगर निगम क्षेत्र में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण व देशी आवारा कुत्तों के जन्मदर नियंत्रण कार्यक्रम के सतत संचालन हेतु पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पदों पर स्थानीय व्यवस्था के अंतर्गत एक वर्ष हेतु या छ ग शासन , पशुधन विकास विभाग / संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा स्थाई नियुक्ति किए जाने तक ( जो भी पहले हो ) कलेक्टर बिलासपुर द्वारा अनुमोदित जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को निम्नानुसार निश्चित एकमुशत मानदेय पर संविदा नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता **बी व्ही एस-सी एण्ड ए एच उत्तीर्ण, बिलासपुर जिला के मूल निवासी अभ्यर्थियों से** आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । इच्छुक पात्र अभ्यर्थी कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं बिलासपुर ( छ ग ) से कार्यालयीन समयावधि प्रात: 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक " **संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बिलासपुर** " के नाम पर देय रु 10 दस का पोस्टल आर्डर जमाकर दिनांक 30 सितम्बर 2022 तक विज्ञापित पद के विरुद्ध चयन हेतु निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं या विभागीय वेवसाइट www.agriportal.cg.nic.in अथवा राष्ट्रीय सूचना केन्द्र बिलासपुर के वेवसाइट www.bilaspur.gov.in से भी डाउनलोड कर सकते हैं । जिसके लिए पृथक से रु 10 दस का पोस्टल आर्डर संलग्न करना होगा। निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भर कर वांछित शैक्षणिक व अन्य आवश्यक दस्तावेजों के स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ दिनांक 07 अक्टूबर 2022 तक पंजीकृत डाक से या स्वयं उपस्थित होकर **कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं बिलासपुर में सायं 5.30 बजे तक** जमा किया जा सकता है । निर्धारित तिथि व समय के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जावेंगे । पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापित पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है -

| पदनाम | प्रावधानित मद | एकमुश्त मानदेय राशि | वर्गवार पद संख्या | वर्गवार पदों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ग | अनारक्षित | अपिव | अजजा | अजा | योग |
| पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ | डी एम एफ | ₹ 40840- चालीस हजार आठ सौ चालीस प्रतिमाह एकमुश्त ( कलेक्टर द्वारा निर्धारित) | 02 | महिला | - | - | - | - | - |
| | | | | दिव्यांग | - | - | - | - | - |
| | | | | मुक्त | 01 | - | - | 01 | 02 |
| | | | | कुल | 01 | - | - | 01 | 02 |

संयुक्त संचालक
पशु चिकित्सा सेवाएं , जिला -बिलासपुर ( छ ग )

# कायोलय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं
# जिला बिलासपुर ( छ ग )

पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्ट्रेट के सामने बिलासपुर ( छ ग ) फोन नं 07752-223530 E mail: jdvsbila.cg@nic.in

क्रमांक / प चि / डी एम एफ-संविदा / 2022-23 / बिलासपुर , दिनांक 20 सितम्बर 2022

प्रति

संचालक
जनसम्पर्क , सूचना एवं प्रकाशन विभाग
इंद्रावती भवन ,
अटल नगर , नवा रायपुर ( छ ग )

विषय :- पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत् ।

संदर्भ :- कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1181 / प चि / डी एम एफ-संविदा / 2022-23 /बिलासपुर , दिनांक 15 सितम्बर 2022 ।

------00000------

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1181/ प चि / डी एम एफ-संविदा / 2022-23 / बिलासपुर , दिनांक 15 सितम्बर 2022 द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित करने विज्ञप्ति जारी की गई है । कृपया राज्य स्तरीय दो समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रसारित करने का कष्ट करें ।

संलग्न :- विज्ञप्ति

20/09/2022

संयुक्त संचालक
पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला- बिलासपुर ( छ ग )

पृ क्रमांक / प चि / डी एम एफ-संविदा / 2022-23 / बिलासपुर , दिनांक 20 सितम्बर 2022

प्रतिलिपि :- 1. संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, छत्तीसगढ़, 3, भूतल,इंद्रावती भवन, अटलनगर, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ। कृपया उक्त विज्ञापन विभागीय वेवसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें ।

2. कलेक्टर, बिलासपुर को सादर सूचनार्थ । कृपया उक्त विज्ञापन जिला प्रशासन की वेवसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें ।

20/09/2022

संयुक्त संचालक
पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला- बिलासपुर ( छ ग )

20/09/22

**पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद हेतु अर्हकारी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता -**

01. दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्व विद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त किसी भी पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय से विज्ञापित तिथि को **बैचलर आफ वेटेरिनरी साइंस एण्ड एनीमल हस्बैण्डरी** में कम से कम पचास प्रतिशत अंको से स्नातक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना आवश्यक है ।

**भर्ती की प्रक्रिया -**

01. स्वीकृत पदों के लिए निर्धारित योग्यता व मापदण्डों के आधार पर जिला स्तर पर विज्ञापन जारी कर **पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद हेतु बैचलर आफ वेटेरिनरी साइंस एण्ड एनीमल हस्बैण्डरी** में स्नातक उपाधि धारक अभ्यर्थियों से वर्गवार आवेदन प्राप्त किए जावेंगे ।
02. प्राप्त आवेदनों की छंटनी के बाद निर्धारित योग्यता व मापदण्डों के आधार पर योग्य पाये गए अभ्यर्थियों के चयन हेतु **पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद हेतु बैचलर आफ वेटेरिनरी साइंस एण्ड एनीमल हस्बैण्डरी** के प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर वर्गवार वरीयता सूची तैयार की जावेगी ।
03. यदि स्वीकृत पदों के विरुद्ध / निर्धारित पदों के विरुद्ध दो गुना से ज्यादा आवेदन प्राप्त होते हैं तो **कट आफ मार्क** निर्धारित कर वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जावेगी ।
04. आवेदक यदि आवेदन के पूर्व किसी शासकीय / अर्धशासकीय पशु चिकित्सा संस्थान में कार्य किया हो या कर रहा हो तो उसे कार्य अनुभव के आधार पर बोनस अंक अतिरिक्त दिए जावेंगे ।
05. पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ व सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु जिला खनिज न्यास संस्थान बिलासपुर के मद से राशि स्वीकृत किया जाना है । अत: बिलासपुर जिले के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी । ताकि बिलासपुर जिले के प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के अभ्यर्थियों को लाभ मिल सके ।
06. चूंकि पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के द्वारा एनीमल बर्थ कण्ट्रोल कार्यक्रम व दुर्घटना में घायल पशुओं की सर्जरी करनी होगी, अत: इस पद हेतु **मास्टर आफ वेटेरिनरी साइंस एण्ड एनीमल हस्बैण्डरी इन सर्जरी एण्ड रेडियोलाजी को 10 प्रतिशत बोनस अंक दिया जावेगा ।**
07. **पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद हेतु बैचलर आफ वेटेरिनरी साइंस एण्ड एनीमल हस्बैण्डरी** के प्राप्तांकों के प्रतिशत के प्रतिशत का 80 प्रतिशत अंक, मास्टर आफ वेटेरिनरी साइंस एण्ड एनीमल हस्बैण्डरी इन सर्जरी एण्ड रेडियोलाजी को 10 प्रतिशत बोनस अंक व अनुभव का 10 प्रतिशत अंक निर्धारित होगा । अनुभव के लिए निर्धारित अतिकतम 10 अंक हेतु प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक अधिकतम पांच वर्ष के लिए हैं ।
08. **पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद हेतु बैचलर आफ वेटेरिनरी साइंस एण्ड एनीमल हस्बैण्डरी** के प्राप्तांकों के प्रतिशत के प्रतिशत का प्राप्त अंक,स्नातकोत्तर उपाधि का 10अंक व अनुभव में प्राप्त अंको को जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जावेगी । जिसके आधार पर अंतिम चयन किया जावेगा ।
09. कुल विज्ञापित पदों की एक चौथाई के बराबर या कम से कम दो पद की प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी ।
10. वर्गवार तैयार सूची के वरिष्ठता अनुक्रम में निर्धारित पदों पर चयन किया जावेगा । तदनुसार संविदा नियुक्ति आदेश जारी किए जावेंगे । निर्धारित समय पर कर्त्तव्य पर उपस्थित न होने पर प्रतीक्षा सूची से अगले अनुक्रम वाले चयनित अभ्यर्थी को मौका दिया जावेगा ।
11. यदि निर्धारित योग्यता व मापदण्डों के अनुसार वर्गवार रिक्ति हेतु बिलासपुर जिले से उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं तो बिलासपुर संभाग के अन्य जिलों से उस वर्ग के अभ्यर्थी का चयन किया जा सकेगा ।
12. विवाद की स्थिति में चयन हेतु अंतिम निर्णय कलेक्टर बिलासपुर का होगा जो सभी पक्षों को मान्य होगा ।

संयुक्त संचालक

पशु चिकित्सा सेवाएं , जिला -बिलासपुर ( छ ग )

**<u>पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ व सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवश्यक सेवा शर्तें :-</u>**

01. पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद के चयन हेतु निर्धारित योग्यता व मापदण्डों को पूर्ण करना आवश्यक होगा।
02. आवेदक को दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्व विद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त किसी भी पशु चिकित्सा महाविद्यालय से विज्ञापित तिथि को **पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद हेतु बैचलर आफ वेटेरिनरी साइंस एण्ड एनीमल हस्बैण्डरी** में कम से कम पचास प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा ।
03. आवेदक को संविदा नियोक्ता की सभी सेवा शर्तों को मानना अनिवार्य होगा ।
04. यह संविदा नियुक्ति जिला खनिज न्यास संस्थान मद से की जा रही है । अत: स्थानीय व्यवस्था के अंतर्गत एक वर्ष हेतु या जिले के अंतर्गत रिक्त पदों पर छ ग शासन पशुधन विभाग / संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़, द्वारा स्थाई नियुक्ति किए जाने तक ही ( जो भी पहले हो ) संविदा नियुक्ति मान्य होगी । संविदा नियुक्ति तिथि से एक वर्ष उपरान्त या छ ग शासन पशुधन विभाग / संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा स्थाई नियुक्ति किए जाने पर संविदा पर नियुक्त पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ की सेवाएं स्वयं निरस्त मानी जावेगी। कोई भी उम्मीदवार निरन्तरता हेतु दावा नहीं कर सकेगा ।
05. सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह मानदेय का भुगतान एकमुश्त किया जावेगा । जो कार्य आधारित होगा । इस दौरान किसी भी प्रकार के सेवा भत्ते या सुविधाएं देय नहीं होगी ।
06. सेवा के दौरान एकमुश्त देय मानदेय से जी पी एफ कटौती नहीं की जावेगी ।
07. जिला खनिज न्यास संस्थान मद से राशि की व्यवस्था कलेक्टर बिलासपुर द्वारा की जा रही है । एक वर्ष पश्चात यदि रिक्त पदों की निरन्तरता रहती है और जिला खनिज न्यास संस्थान मद से राशि उपलब्ध कराई जाती है तो कलेक्टर बिलासपुर की अनुमति से व अनुमोदन प्राप्त कर पदों की भर्ती / निरन्तरता की जा सकेगी ।
08. आवेदक द्वारा आवेदन करने मात्र से चयन सुनिश्चित नहीं होगा अपितु चयन समिति द्वारा आवेदक के द्वारा पूर्ण किए गए शर्तों के साथ- साथ आवेदन पत्र के साथ सम्मिलित आवश्यक शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजों के परीक्षण उपरान्त लिए गए निर्णय के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जावेगा । चयनित उम्मीदवार को पदग्रहण के समय सम्पूर्ण दस्तावेजों की मूल प्रति जांच हेतु प्रस्तुत करनी होगी । प्रमाण पत्र व अन्य वांछित दस्तावेज सही पाए जाने के पश्चात ही पदग्रहण कराया जाएगा ।
09. आवेदक की आयु दिनांक 01-01-2022 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को छ ग शासन द्वारा लागू आरक्षण नियमानुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जावेगी ।
10. भर्ती प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियम व शर्तों में किसी प्रकार के परिवर्तन किए जाने पर आवेदकों को मानना अनिवार्य होगा ।
11. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या में वृद्धि / कमी या निरस्त किए जाने का सम्पूर्ण अधिकार जिलाधीश , जिला बिलासपुर के पास सुरक्षित होगा ।
12. भर्ती के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद या समस्या होने पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर बिलासपुर के पास होगा जो आवेदकों को मान्य करना बंधनकारी होगा ।
13. आवेदन कर्ताओं को निर्धारित आवेदन पत्र में साफ सुथरे शब्दों में आवेदन करना होगा । आवेदन प्रपत्र को पहले ठीक से पढ़ लें व समझने के उपरांत जानकारी भरें । भरी जाने वाली समस्त जानकारियां स्पष्ट व पठनीय हों । किसी भी प्रकार की काट-छांट अवांछनीय है । इससे आवेदकों का आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकता है ।
14. आवेदक आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर अपनी नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो चस्पा करें व एक अतिरिक्त फोटो अलग से संलग्न करें । फोटो व अन्य दस्तावेजों की छायाप्रतियां स्व प्रमाणित कर संलग्न करें।
15. शासकीय / अर्धशासकीय / निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को उनके नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा ।
16. सेवा प्रदाता पदों से संबंधित काउन्सलिंग में जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । जीवित पंजीयन नहीं होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा ।

17. आवेदक को वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता व विशेषज्ञता के अतिरिक्त अन्य उच्च शैक्षणिक योग्यता हेतु अतिरिक्त बोनस अंक नहीं प्रदाय किए जाएगे ।
18. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रारूप में गैर न्यायिक 50 ₹ के स्टाम्प में एक वर्ष की सेवा हेतु नोटराइज्ड शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
19. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ पत्र व्यवहार के लिए स्वयं के पते लिखे दो लिफाफे जिसमें पांच रुपए के टिकिट लगे हों चस्पा करना होगा ताकि उनका चयन होने पर उनके पते पर चयन संबंधी सूचना दी जा सके ।
20. चयन संबंधी सूचना दिए जाने हेतु मोबाइल व्हाट्स एप नम्बर / ई-मेल की भी जानकारी देना अनिवाार्य है ।
21. भर्ती की समस्त जानकारी जिला बिलासपुर की एन आई सी वेब साइट www.bilaspur.gov.in पर अपलोड की जावेगी । इसके अतिरिक्त जिला कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा किया जावेगा ।
22. चयनोंपरांत आवेदक को एक सप्ताह के भीतर कर्त्तव्य पर उपस्थित होना होगा ।
23. नियुक्ति के पश्चात कार्यभार ग्रहण करने के समय प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी को गृह जिले के मेडिकल बोर्ड से मेडिकल फिटनेस सर्टीफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । चिकित्सा परीक्षण में अनुपयुक्त पाए गए चयनित अभ्यर्थी को उपस्थित नहीं कराया जाएगा ।
24. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् भी अनधिकृत रूप से अनुपस्थित होने पर, संचालक द्वारा स्थाई नियुक्ति होने पर, हड़ताल / धरना करने पर नोटिस देकर मानदेय पर अस्थाई नियुक्ति समाप्त की जा सकती है ।
25. यदि कोई चयनित अभ्यर्थी सेवा में उपस्थित होने के पश्चात सेवा से त्याग पत्र देना चाहता हो तो उसे एक माह पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा अन्यथा एक माह का वेतन जमा करना अनिवार्य होगा ।
26. एक माह से अधिक अवधि तक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए जाने पर सेवाएं स्वयमेव समाप्त मानी जाएंगी ।
27. नियुक्ति अवधि में किसी भी प्रकार की धरना / प्रदर्शन / हड़ताल की अनुमति नहीं होगी । धरना / प्रदर्शन / हड़ताल करने पर सेवा समाप्त करने का अधिकार कलेक्टर बिलासपुर को होगा । अवज्ञा करने पर तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दिया जाएगा ।
28. आवेदन की तिथि के पश्चात चयन समिति द्वारा परीक्षण कर अनंतिम रूप से चयन सूची तैयार की जावेगी । जिसमें पात्र / अपात्र की सूची जारी होने पर एक सप्ताह के भीतर दावा / आपत्ति की जा सकेगी । जिसमें दावा / आपत्ति के अंतिम दिन तक दस्तावेज जमा किए जा सकेंगे ।
29. अंतिम चयन सूची जारी करने के साथ विज्ञापित पद के एक चौथाई पद के लिए प्रतीक्षा सूची भी जारी की जाएगी । जिसके आधार पर निर्धारित समयावधि में कार्यभार पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थियों / त्यागपत्र देने वालो के स्थान को प्रतीक्षा सूची से वरीयता क्रम से भरा जा सकेगा ।
30. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज निर्धारित क्रम से संलग्न किए जावें व ऊपरी दांए किनारे पर क्रम संख्या अंकित कर टैग से नस्तीबद्ध किये जावें । ( 1. निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूपेण भरा आवेदन पत्र 2. हाई स्कूल की अंक सूची / प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो की स्व प्रमाणित छायाप्रति 3. अजा / अजजा संवर्ग का जाति प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति 4. निवास प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति 5. मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति 6. शैक्षणिक योग्यता की प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति 7. एक वर्ष की सेवा हेतु संलग्न प्रारूप में गैर न्यायिक 50 ₹ के स्टाम्प में नोटराइज्ड शपथ पत्र, क्रम से नस्तीबद्ध किए जाएं )।

संयुक्त संचालक

पशु चिकित्सा सेवाएं , जिला -बिलासपुर ( छ ग )

# पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप

प्रति,

संयुक्त संचालक

पशु चिकित्सा सेवाएं

जिला - बिलासपुर ( छ ग )

यहां फोटो चस्पाकर स्व प्रमाणित करें

महोदय,

आपका विज्ञापन क्रमांक दिनांक अगस्त 2022 में विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के लिए मैं अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत कर रहा / रही हूं ।

01. आवेदक / आवेदिका का पूरा नाम ( हिन्दी में ) ____________________
    आवेदक / आवेदिका का पूरा नाम ( अंग्रेजी Capital में ) ____________________
02. पिता / पति का नाम ____________________
03. माता का नाम ____________________
04. जन्मतिथि ( अंको में ) ____________________
    ( शब्दों में ) ____________________
05. जाति ( सामान्य / अपिव / अजजा / अजा ) ____________________
    (आरक्षित वर्ग के होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई प्रमाण पत्र संलग्न करें )
06. लिंग ( पुरुष / महिला / अन्य ) ____________________
07. अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी है या नहीं ? ____________________
    ( सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें )
08. क्या आप दिव्यांग श्रेणी के हैं ( हां / नहीं ) ____________________
09. यदि हां तो दिव्यांगता का प्रतिशत एवं प्रकार ____________________
    ( मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें )
10. स्थाई निवास का पूर्ण पता ____________________
    ____________________
    ____________________
11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता ____________________
    ____________________
    ____________________
12. ई-मेल ____________________
13. व्हाट्स एप नम्बर ____________________
14. दूरभाष / मोबाइल नम्बर ____________________

15. शैक्षणिक योग्यता -

| क्र | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्व विद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल सर्टीफिकेट | | | | | |
| 2 | हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टीफिकेट | | | | | |
| 3 | बी एस-सी | | | | | |
| 4 | एम एस-सी | | | | | |
| 5 | बी व्ही एस-सी एण्ड ए एच | | | | | |
| 6 | एम व्ही एस-सी एण्ड ए एच | | | | | |
| 7 | अन्य | | | | | |

16. कार्य अनुभव का विवरण-

| क्र | संस्था का नाम | संस्था का प्रकार ( शासकीय / सार्वजनिक वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था ) | पदनाम | कार्य अवधि ( अनुभव के कुल पूर्ण वर्ष) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

17. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या -

1. 10वीं व 12वीं की अंक सूची
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची ( सभी सेमेस्टर / वर्षों की )
2. स्थाई जाति प्रमाण पत्र
4. स्थाई निवास प्रमाण पत्
5. अनुभव प्रमाण पत्र
6. दिव्यांगता संबंधी मेडिकल प्रमाण पत्र ( यदि दिव्यांग हैं तो )
7. निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र ( पचास रुपए के नान ज्युडीसियल स्टाम्प शीट में नोटराइज्ड)
8. संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
9. अन्य प्रमाण पत्र

आवेदक के हस्ताक्षर

-: घोषणा पत्र :-

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियां पूर्णत: सत्य एवं पूर्ण हैं । जो किसी भी स्थिति में यदि असत्य पाई जाती है तो पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावे तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त कर दिए जावें। मुझे स्वीकार होगा तथा मैं न्यायालय नहीं जाऊंगा ।

स्थान - बिलासपुर

दिनांक- अगस्त 2022

आवेदक के हस्ताक्षर

( रु 50 के गैर न्यायिक स्टाम्प में )

शपथ -पत्र

मैं ( शपथकर्ता )———————————————पिता का नाम / पति का नाम श्री ——————————— उम्र ——वर्ष निवासी ग्राम —————पत्रालय—————जिला ———————————( छ ग) एतद् द्वारा निम्नानुसार शपथपूर्वक अभिकथन करता हूं कि -

01. मैने जिला बिलासपुर के लिए विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद के लिए संविदा नियुक्ति की शर्तों को भलीभांति पढ़ लिया है तथा समझ लिया है ।

02. उक्त विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद के लिए संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है, जिसमें मेरी सेवाएं निर्धारित सेवा शर्तों के तहत निर्धारित समय सीमा के लिए हैं तथा एक वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् स्वयमेव समाप्त हो जावेंगी , जो मुझे मान्य है । मैं इन्ही सेवा शर्तों के अधीन संविदा नियुक्ति में एकमुश्त मानदेय रु 18420-अठ्ठारह हजार चार सौ बीस प्रतिमाह पर कार्य करने को तैयार हूं ।

03. यदि छ ग शासन द्वारा संविदा नियुक्ति अवधि में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की स्थाई नियुक्ति किए जाने पर मेरी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती हैं तो मैं कोई दावा आपत्ति नहीं करूंगा न ही न्यायालय जाने का हकदार रहूंगा ।

04. चयन व सेवा अवधि के दौरान किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा प्रेषित प्रमाण पत्र ( अंक सिची / जाति / निवास आदि ) झूठी / फर्जी पाई जाती है या प्रमाण पत्र के पुष्टि झूठी / फर्जी साबित होती है तो मेरी सेवा समाप्त कर दी जाए मुझे मान्य होगा अथवा मेरा दावा स्वयमेव निरस्त माना जावेगा और नियोक्ता किसी भी कार्यवाही के लिए स्वतन्त्र होगा ।

05. मेरी संविदा नियुक्ति के पश्चात नियुक्त अवधि में मै किसी भी धरना / हड़ताल / प्रतर्शन में भाग नहीं लूंगा । यदि मैं ऐसा करता पाया जाता हूं तो नियोक्ता अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए स्वतन्त्र होंगे व मेरी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर देने की कार्यवाही के लिए सक्षम रहेंगे ।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं ( शपथकर्ता )————————————पिता का नाम / पति का नाम श्री ——————————— उम्र ——वर्ष निवासी ग्राम —————पत्रालय—————जिला ———————————( छ ग) उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक लिखी गई सभी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य हैं ।आज दिनांक अगस्त / सितम्बर 2022 को स्थान—————में पढ़कर व देखकर पूर्णरूपेण संतुष्ट होकर हस्ताक्षर किया ।

दिनांक ——————

हस्ताक्षर शपथकर्ता